सप्तदश बिहार विधान सभा

नवम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या–01 सोमवार, दिनांक–10 जुलाई, 2023 ई०।

माननीय अध्यक्ष, श्री अवध बिहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुई।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.14 बजे पूर्वाह्न तक

[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :–

यथा संलग्न।

[2] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :–

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के नवम सत्र के लिए निम्नांकित 5 (पाँच) सभा सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया है:–

(i) श्री प्रेम कुमार
(ii) श्री नरेन्द्र नारायण यादव
(iii) श्री विजय शंकर दूबे
(iv) श्री भूदेव चौधरी
(v) श्रीमती ज्योति देवी

[3] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :–

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा के नवम सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया गया:–

(i)	अध्यक्ष, बिहार विधान सभा	– सभापति
(ii)	श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री	– सदस्य
(iii)	श्री महेश्वर हजारी, उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा	– सदस्य
(iv)	श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री	– सदस्य
(v)	श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग	– सदस्य
(vi)	श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा विभाग	– सदस्य
(vii)	श्री विजय कुमार सिन्हा, नेता विरोधी दल	सदस्य
(viii)	श्री शकील अहमद खाँ, स०वि०स०	– सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री आलोक कुमार मेहता, मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(ii) श्री जीतन राम मांझी, स०वि०स०

(iii) श्री तारकिशोर प्रसाद, स०वि०स०
(iv) श्री महबूब आलम, स०वि०स०
(v) श्री अजय कुमार, स०वि०स०
(vi) श्री सूर्यकान्त पासवान, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे।

[4] <u>अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना</u>:–

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्नलिखित विधेयकों की एक विवरणी सभा पटल पर रखी गयी, जिसमें महामहिम राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अधीन अनुमति प्रदान की गयी और इसकी सूचना सप्तदश बिहार विधान सभा के अष्टम सत्र की समाप्ति के बाद प्राप्त हुई:–

<u>महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण</u>

क्रमांक	विधेयक का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार विशेष न्यायालय (संशोधन) विधेयक, 2022	12.05.2023

<u>महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयक का विवरण</u>

(i)	बिहार विनियोग विधेयक, 2023	15.03.2023
(ii)	बिहार विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 2023	28.03.2023
(iii)	बिहार नौकाघाट बंदोबस्ती एवं प्रबंधन विधेयक, 2023	10.04.2023
(iv)	आधारभूत संरचना विकास सामर्थ्यकारी (एनेबलिंग) (संशोधन) विधेयक, 2023	15.04.2023

[5] <u>वित्तीय कार्य</u> :–

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन सभा मेज पर किया गया।

[6] <u>शोक प्रकाश</u> :–

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायको के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई:–

(i) स्व० गायत्री देवी, पूर्व स०वि०स०
(ii) स्व० सोनेलाल मेहता, पूर्व स०वि०प०
(iii) स्व० शोभाकान्त मंडल, पूर्व स०वि०स०
(iv) स्व० पुनेश्वर मंडल, पूर्व स०वि०प०

तदोपरांत सभी माननीय सदस्यों द्वारा एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास शोक संदेश भेज दिये जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 11 जुलाई, 2023 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक–10.07.2023

पवन कुमार पाण्डेय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।